भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2858
गुरुवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई मार्ग

2858. श्री वरुण चौधरी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) उड़ान योजना के अंतर्गत चिह्नित हवाई मार्गों की संख्या कितनी है;
(ख) परिचालन शुरू कर चुके मार्गों की संख्या कितनी है;
(ग) एयरलाइनों द्वारा रद्द किए गए हवाई मार्गों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है; और
(घ) उड़ान योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा क्या है तथा उक्त योजना की शुरुआत से लेकर अब तक एयरलाइनों को परिचालन के लिए कितनी सब्सिडी प्रदान की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख)**:** क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत 870 वैध मार्ग अवार्ड किए गए हैं, जिनमें से 85 असेवित/अल्पसेवित हवाईअड्डों (13 हेलीपोर्टों और 02 वाटर एयरोड्रोमों) को जोड़ने वाले 579 मार्ग कार्यशील किये जा चुके हैं।

(ग)**:** योजना के तहत 03 वर्ष की अवधि पूरी होने से पहले एयरलाइनों द्वारा 106 मार्गों पर परिचालन बंद कर दिया गया था।

(घ)**:** योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)/राज्य सरकारों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व वाले असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर एयरोड्रोमों के पुनरुद्धार/उन्नयन के लिए 4500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के दौरान अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों, वाटर एयरोड्रोमों और उन्नत लैंडिंग ग्राउंड के पुनरुद्धार के लिए योजना के दूसरे चरण में 1000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अभी तक 4071.98 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है।

योजना के प्रावधानों के अनुसार चयनित एयरलाइन प्रचालकों को व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के लिए 3512.29 करोड़ रुपए संवितरित किए गए हैं। विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

'उड़ान' योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग किए गए बजट का विवरण

(राशि करोड़ रूपए में)

	आवंटित बजट	**वित्त वर्ष: 2017-2018**	**वित्त वर्ष: 2018-2019**	**वित्त वर्ष: 2019-2020**	**वित्त वर्ष: 2020-2021**	**वित्त वर्ष: 2021-2022**	**वित्त वर्ष: 2022-2023**	**वित्त वर्ष: 2023-2024**	**वित्त वर्ष: 2024-2025 (30.06.2024 तक)**	**कुल व्यय**
चरण- ।	4500	297.49	512.42	700.18	615.51	441.47	800.92	619.85	45.55	4071.98
चरण- ।।	1000	-	-	-	-	-	-	32.48	6.11	

वर्ष 2017 से 31 जुलाई, 2024 तक आरएसीएफटी में संवितरित वीजीएफ

क्र.सं.	**अवधि**	**संवितरित वीजीएफ**
1	2017-18	42.35
2	2018-19	138.07
3	2019-20	681.28
4	2020-21	325.60
5	2021-22	625.94
6	2022-23	787.37
7	2023-24 (अनंतिम)	777.14
8	2024-25	134.54
कुल		**3512.29**

*****